समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 08 September 2026

# पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा मे अग्रणी बन रहा स्किल्ड एनवायरो सर्विसेज, समीर कुमार सिंह के नेतृत्व मे बंना उद्योगों का विश्वसनीय सहयोगी

Sanket Morankar Published on 22 Jul 2026



आज के तेजी से औद्योगिक विकास के दौर में पर्यावरण संरक्षण और नियामकीय अनुपालन प्रत्येक उद्योग की प्राथमिक आवश्यकता बन चुके हैं। ऐसे समय में जयपुर स्थित **स्किल्ड एनवायरो सर्विसेज** पर्यावरण परामर्श, औद्योगिक सुरक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञ सेवाओं के माध्यम से देशभर के उद्योगों के लिए एक विश्वसनीय सहयोगी के रूप में उभरकर सामने आया है। वर्ष **2020** में स्थापित यह संस्था **ISO 9001:2015 प्रमाणित** है तथा पर्यावरणीय उत्कृष्टता और तकनीकी गुणवत्ता के लिए जानी जाती है।

संस्था के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी **समीर कुमार सिंह** एक अनुभवी पर्यावरण विशेषज्ञ हैं। उन्होंने बायोटेक्नोलॉजी में इंजीनियरिंग तथा इंडस्ट्रियल सेफ्टी में एडवांस डिप्लोमा प्राप्त किया है। इसके साथ ही वे **QCI-NABET मान्यता प्राप्त Functional Area Expert** भी हैं। पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA), जल प्रदूषण नियंत्रण, पर्यावरणीय जोखिम मूल्यांकन, पर्यावरण स्वीकृतियों तथा औद्योगिक सुरक्षा के क्षेत्र में उनका व्यापक अनुभव उद्योगों को बेहतर समाधान उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

स्किल्ड एनवायरो सर्विसेज विभिन्न औद्योगिक, खनन, अवसंरचना एवं सरकारी परियोजनाओं के लिए व्यापक पर्यावरणीय सेवाएं उपलब्ध कराता है। संस्था की प्रमुख सेवाओं में पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA), पर्यावरण प्रबंधन योजना (EMP), पर्यावरण स्वीकृति (EC), Consent to Establish (CTE), Consent to Operate (CTO), खनन परियोजना परामर्श, प्रदूषण नियंत्रण समाधान, पर्यावरणीय निगरानी, पर्यावरण ऑडिट, औद्योगिक जोखिम मूल्यांकन, HAZID, HAZOP, Quantitative Risk Assessment (QRA), औद्योगिक सुरक्षा परामर्श, भूजल अध्ययन, खतरनाक अपशिष्ट प्रबंधन तथा नियामकीय अनुपालन शामिल हैं।

संस्था की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह परियोजना की प्रारंभिक योजना से लेकर सभी वैधानिक स्वीकृतियों, पर्यावरणीय

दस्तावेज़ीकरण तथा परियोजना के बाद आवश्यक अनुपालन तक संपूर्ण समाधान एक ही स्थान पर उपलब्ध कराती है। इससे उद्योगों को समयबद्ध, वैज्ञानिक और कानूनी रूप से सटीक सेवाएं प्राप्त होती हैं।

समीर कुमार सिंह का मानना है कि आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं। इसी सोच के साथ संस्था आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक अनुसंधान, इंजीनियरिंग विशेषज्ञता और नियामकीय ज्ञान का समन्वय करते हुए उद्योगों को ऐसे समाधान प्रदान करती है, जो विकास के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन भी सुनिश्चित करें।

संस्था उद्योगों में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने, प्रदूषण रोकथाम, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन तथा कॉर्पोरेट पर्यावरणीय उत्तरदायित्व (CER) जैसी पहलों को भी सक्रिय रूप से बढ़ावा देती है। इसके साथ ही पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप उद्योगों को पूर्ण तकनीकी सहायता उपलब्ध कराती है।

आज ESG (Environmental, Social and Governance) मानकों के बढ़ते महत्व के बीच स्किल्ड एनवायरो सर्विसेज राजस्थान सहित देशभर में पर्यावरणीय परामर्श के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान स्थापित कर चुका है। संस्था का लक्ष्य भविष्य में अत्याधुनिक पर्यावरणीय तकनीकों को अपनाते हुए पूरे भारत में अपनी सेवाओं का विस्तार करना तथा स्वच्छ, सुरक्षित और सतत विकास को नई दिशा देना है।

समीर कुमार सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में स्किल्ड एनवायरो सर्विसेज पर्यावरण संरक्षण, औद्योगिक सुरक्षा और जिम्मेदार औद्योगिक विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए उद्योगों और समाज के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य कर रहा है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.